

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार



### डॉ. वी डी शर्मा अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के बने प्रांतीय महामंत्री

**संवाददाता** देहरादून। विश्व के सबसे बड़े ब्राह्णण संगठन अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मनोज गौतम ने संगठन को प्रदेश में विस्तार की दृष्टि से डॉ. वी.डी.शर्मा सुपुत्र पंडित रामेश्वर दत्त शर्मा, निवासी बंजारावाला, दून को उत्तराखंड राज्य का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मनोज गौतम ने कहा है कि परिषद को विश्वास है कि शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के समस्त समाज में एकता, समता बन्धुत्व, परस्पर सहयोग व सुरक्षा की भावना जागृत होगी।

### वी के सिंह को राज्यमंत्री बनाया जाना सैनिकों का अपमानः कैप्टन रावत

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व सैनिक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सेनि कैप्टन बलबीर सिंह रावत ने कहा है कि भाजपा सरकार ने भारत जैसे विशाल देश के पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल वी के सिंह को मात्र राज्यमंत्री का दर्जा देकर देश की जनता के सामने सेवानिवृत्त सैनिकों के राजनीतिक अनुभव की कमी व कमजोरी का एहसास कराया है। पूर्व थल सेनाध्यक्ष को केन्द्रीय मंत्री का दर्जा दिया जाना चाहिए था लेकिन भाजपा ने ऐसा नहीं किया है जिसका विरोध किया जायेगा।

### बैंड व्यवसाय से जुड़े लोग मिले विधायक कपूर से

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी व जीएमएस, मंडल अध्यक्ष बबलू बंसल के नेतृत्व में देहरादून शहर के बैंड व्यवसाय से जुड़े लोगों ने कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरबंस कपूर दून कैंट को एक ज्ञापन सौंपा । इस अवसर पर ज्ञापन में कहा गया है कि शहर में लगभग 85 रजिस्टर्ड ब्रास बैंड है जब से कोरोना वायरस का संक्रमण फैला है। तभी से सभी बैंड के अंतर्गत कार्य करने वाले जैसे घोड़े बग्गी लाइट वाद्य यंत्र वादक सभी लोग भीषण बेरोजगारी का शिकार हो गए हैं।

### बोर्ड की परीक्षाएं अविलम्ब स्थगित किये जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड की परीक्षाएं अविलम्ब स्थगित किये जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर धरना दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य एवं जीवन अनमोल है, इनके साथ खिलवाड़ नही किया जा सकता है।

# कोरोना के मरीजों का ठीक होने का सिलसिला हुआ तेज

**राहत**

उत्तराखंड में दो बजे तक आए कोरोना के 75 नए मामले, आंकड़ा पहुंचा 1637

एक और कोरोना संक्रमित की मौत हो गई

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में गुरुवार को दोपहर दो बजे तक 75 नए मामले सामने आए। इनमें चमोली में तीन, देहरादून में 16, हरिद्वार में 15, पौड़ी में एक, टिहरी में 30, उधमसिंह नगर में चार और रुदप्रयाग में छह लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वहीं, एक और कोरोना संक्रमित की मौत हो गई। इसके साथ ही सूबे में मृतकों की संख्या 17 पहुंच गई है। हालांकि, इस पखवाडे कोरोना के मरीजों का ठीक होने को सिलसिला तेज हुआ है। प्रदेश में कुल संक्रमित 1637 मरीजों में से 837 स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। 778 एक्टिव केस हैं।

**नर्सिंग ऑफिसर सहित एक व्यक्ति की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिवः** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में नर्सिंग ऑफिसर सहित आइडीपीएल कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। एम्स प्रशासन के मुताबिक 28 वर्षीय नर्सिंग ऑफिसर भरत बिहार कॉलोनी गली नंबर 4 में रहता है। वह एक जून को चित्तौड़गढ़ राजस्थान से आया था। तब से वह होम क्वारंटाइन था। दो जून को इनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई थी। 9 जून को इनका फिर सैंपल लिया गया। आज रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें कोरोना के कोई लक्षण नहीं थे। एक अन्य 48 वर्षीय व्यक्ति आईडीपीएल कॉलोनी निकट राम मंदिर में रहता है। 8 जून को गुड़गांव से आया था। 9 तारीख को इनका सैंपल लिया गया। इनकी आज रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इस व्यक्ति में भी कोरोना के लक्षण नहीं है।

**कोरोना संक्रमित एक और मरीज की मौतः** उत्तराखंड में एक और कोरोना संक्रमित की मौत हो गई। इसके साथ ही मृतक संख्या 17 पहुंच गई। 48 वर्षीय कोरोना संक्रमित मरीज मूल रूप से उत्तर प्रदेश के चरथावल मुजफ्फरनगर का निवासी था। वह कैंसर से पीड़ित था। 9 जून को वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश की ओपीडी में आया था। एक रोज पहले उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। बीती देर रात उसने दम तोड़ दिया।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को 1765 सैंपल की जांच रिपोर्ट मिली है। जिनमें 1741 रिपोर्ट निगेटिव हैं।

### ऋषिकेश में स्वस्थ होने पर अस्पताल से दी छुट्टी

एसपीएस राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश बनाए गए कोविड केयर सेंटर में भर्ती की कराए गए प्रथम कोरोना पॉजिटिव मरीज को गुरुवार के रोज स्वस्थ होने पर छुट्टी दे दी गई। केयर सेंटर प्रभारी डॉ सागर भट्ट ने बताया कि 45 वर्षीय मरीज इंदिरापुरम कॉलोनी गाजियाबाद का रहने वाला है। एक जून को वह ऋषिकेश अपनी ससुराल आया था। हरिद्वार बॉर्डर पर जांच के दौरान इस व्यक्ति को सीमा डेंटल कॉलेज में क्वारंटाइन किया गया। 4 जून को इनका सैंपल लिया गया। 5 जून को इनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। इसके बाद इस मरीज को राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश में भर्ती किया गया। यहां 7 दिन की अवधि में इस मरीज में बुखार या अन्य कोई लक्षण नहीं आए। गाइडलाइन के अनुरूप मरीज को छुट्टी दे दी गई।

### रुड़की में फिजियोथेरेपिस्ट और उनकी बेटी कोरोना पॉजिटिव

सिविल अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट के साथ ही उनकी ढाई साल की बेटी की कोरोना वायरस की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इससे पहले फिजियोथेरेपिस्ट के पिता में कोरोना वायरस की पुष्टि हो चुकी है। फिजियोथेरेपिस्ट के पिता इलाज के लिए दिल्ली और देहरादून के अस्पताल गए थे, जिसके बाद उनका सैंपल जांच को लिया गया था। उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद ही फिजियोथेरेपिस्ट और उनके परिवार के सदस्यों का सैंपल लिया गया था। गुरुवार को फिजियोथेरेपिस्ट और उनकी बेटी में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है. जबकि उनकी पत्नी और बेटे की रिपोर्ट नेगेटिव आई है, लेकिन फिजियोथेरेपिस्ट की पत्नी की दोबारा जांच को सैंपल लिया जा रहा है।

**पर्यटन मंत्री के पांच स्वजन एम्स से डिस्चार्जः** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज उनकी पत्नी और पाच अन्य स्वजनों को एम्स में भर्ती कराया गया था। बुधवार रात काबीना मंत्री के पाच स्वजनों को एम्स ने डिस्चार्ज कर होम क्वारंटाइन के लिए घर भेज दिया है। पर्यटन मंत्री और उनकी पत्नी अभी एम्स में ही भर्ती हैं।

# 105 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां बनेंगी सुपरवाइजर

**समीक्षा**

■ महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयास किया जाएः आर्या



देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास, पशुपालन, भेड़ एवं बकरी पालन, चारा एवं चारागाह विकास एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती रेखा आर्या ने विधान सभा, सभाकक्ष में महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने महिलाओं के आत्मनिर्भरता पर बल देते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयास किया जाए तथा कोरोना काल के योगदान को देखते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पदोन्नति की सूची इस माह के अंत तक प्रस्ताव दिया जाए। 105 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सुपरवाइजर बनाया जाएगा। 145 रिक्त पदों पर आयोग से सुपरवाइजर की चयन प्रक्रिया किया जाएगा।

मंत्री ने तलाक, परित्याक्त और विधवा महिलाओं के लिये एकल महिला योजना के अंतर्गत सब्सिडी आधारित योजना से पशुपालन, कृषि, मत्स्य गतिविधियों में लगाकर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया।

बैठक में सभी जनपदों में तीलू रौतेली पुरस्कार के चयन हेतु सूची मांगने की कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया। ऐसी महिलाऐं जिन्होंने कोरोना काल में स्वयं को आत्म निर्भर बनाने, प्रवासियों की सेवा करने और पशुओं की मदद करने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में का गया कि कोरोना काल में विशेष योगदान देने वाली महिलाओं के लिये 8 अगस्त को होने वाले तीलू रौतेली पुरस्कार देने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसमें वर्चुवल कार्यक्रम की सम्भावना पर विचार करने को कहा गया। बैठक में समिति के माध्यम से इको फ्रेण्डली बैग बनाने के स्व रोजगार योजना का परीक्षण करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में कोरोना काल में प्रधानमंत्री मातृ बन्दन योजना में कितनो को लाभ प्रदान किया, सूची बनाने के निर्देश दिया गया। आगामी 30 जून को स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एव अन्य योजनाओं की जानकारी के लिये पुनः समीक्षा बैठक बुलाई गई है।

### बेरोजगारों,कर्मचारियों एवं जनता पर दोहरी मारः यूकेडी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने कहा है कि एक तरफ केंद्र सरकार पेट्रोल एवं डीजल के दामों को दिन प्रतिदिन बढ़ाकर महंगाई की मार कर रहे है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार में बेरोजगारी, कर्मचारियों एवं जनता दोहरी मार झेल रहे है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कोरोना वायरस कोविड 19 में वित्तीय घाटे की भरपाई के लिये जनता से वसूल कर रही है पेट्रोल और डीजल पर पेट्रोलियम कंपनियों से 10 रुपये से 13 रुपया प्रति लीटर शुल्क बढ़ा दिया है तथा कंपनी अपने इस घाटे के लिये पेट्रोल व डीजल के दामो को 5 रुपये बढ़ोत्तरी करने जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे महंगाई की मार चौतरफा जनता पर पड़ेगी। वही दूसरी तरफ उत्तराखंड में भाजपा नीत राज्य सरकार का तुगलकी फरमान जारी हो गया जिससे राज्य के बेरोजगारों, कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हकों नुकसान हुआ।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।